'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

प्रकाशन तिथि- 31 जुलाई, 2014

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 17 ● अंक 17 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 16 से 31 जुलाई, 2014

घृणा घृणा से नहीं प्रेम से खत्म होती है, यह शाश्वत सत्य है।

&xkSre cq)

सामाजिक न्याय मंत्रालय पर डॉ. उदित राज का संसद में भाषण

बजट पास करते समय संसद से विभिन्न मंत्रालयों का अनुदान की मांग की राशि स्वीकृति कराई जाती है। 23 जुलाई को चार मंत्रालयों का बहस कराकर के अनुदान की राशि की स्वीकृति करानी थी। सबसे पहले सड़क परिवहन पर चर्चा होनी थी और अंत में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय की। शुरू में ही पता लग गया कि जब तक सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की बारी आएगी तब तक शून्यकाल आ जाएगा। डॉ. उदित राज स्पीकर महोदया से मिले और कहा कि इस मंत्रालय का संबंध 25 प्रतिशत दलित-आदिवासी से गहरा तो है ही, पिछड़े वर्ग का कल्याण की तमाम योजनाएं भी इसमें है। इतनी बड़ी आबादी से संबंधित मंत्रालय पर चर्चा न हो और अनुदान की राशि स्वीकृति हो जाए तो इससे बड़ी और क्या विडंबना होगी? डॉ. उदित राज संसदीय कार्यमंत्री श्री वेंकैया नायडू को इस सच्चाई से अवगत कराया। इस विभाग के मंत्री श्री थावरचंद गहलोत और सचेतक श्री अर्जुनराम मेघवाल को अवगत कराया गया और इनका सहयोग मिला। इतिहास में पहली बार इस मंत्रालय के ऊपर बहस हुई और कुछ मौलिक सवाल उठाए गए जो पूर्व में नहीं किया जा सका।

DR. UDIT RAJ (NORTH WEST DELHI): Hon. Chairperson, our hon. Finance Minister has just presented the Budget. The allocation made by him in the Budget for SCs in the Scheduled Castes Plan Budget is Rs.50,548 crore and for Scheduled Tribes the allocation is Rs.32,387 crore. This works out to be 8.79 percent whereas it should be around 16 per cent. मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करूंगा कि यह लगभग 16 प्रतिशत होना चाहिए और अनुसूचित जनजाति के बारे में 7.5 प्रतिशत होना चाहिए। मैं इस पर बाद में आऊंगा लेकिन जो सबसे बड़ी चिंता की बात है, हो सकता है कि अधिकारियों की वजह से गड़बड़ी हुई है, वह यह है कि अगर आप पृष्ठ संख्या 316 देखें तो इसमें जो 50 हजार करोड़ रूपये हैं which is going to be spent for SCs and STs, now it seems that it is not going to be spent by the Central Government. It is going to be spent by the States and UTs. मैं दो-तीन फिगर्स आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहूंगा। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप जो 2012-13 में 1654 करोड़ हुआ करती थी, वह सेंट्रल गवर्नमेंट मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस के हेड के अंदर होती थी। यही राशि इस बार जो स्टेट एंड यूटी प्लान में चला गया है 1499 करोड़। यह समझ में नहीं आ रहा है कि यह पैसा स्टेट गवर्नमेंट को ट्रांसफर किया जाएगा, गवर्नमेंट इसको खर्च करेगी या सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लीमेंट करेगी। अगर थ्रू स्टेट गवर्नमेंट इंप्लीमेंट करें तो पहले से ऐसा चला आ रहा है। लेकिन पहले भी अटैम्प्ट किया गया था कि यह मनी स्टेट को ट्रांसफर किया जाना चाहिए। मंत्री महोदय से मैं जानना चाहूंगा कि क्या यह पैसा स्टेट को दिया जा रहा है? we do not have faith in many of the State Governments. ये तमाम जो राज्य सरकारें हैं, फ्यूडल हैं, एंटी दलित भी हैं। उत्तर प्रदेश में आप देख सकते हैं कि एंटी रिजर्वेशन का काम सोशल और पॉलिटिकल आर्गेनाइजेशन करते हैं लेकिन वहां की सरकार ने किया है। How can we have faith in them? उनमें हमारा कोई विश्वास नहीं है। इसलिए यह पैसा सेंट्रल गवर्नमेंट की मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट के थ्रू ही जाना चाहिए।

Similarly, there is a machinery for implementation of protection of Civil Rights, 1955 यह पहले 97 करोड़ था। हालांकि कुछ जगह राशि कम भी किये हैं। जैसे गर्ल्स होस्टल्स में पहले के बजट के हिसाब की तुलना में इस बार कम हुआ है। उसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में भी राशि कम हुआ है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि अगर बहुत ज्यादा न बढ़ाएं तो देखें पिछले वर्ष की तुलना में महंगाई भी बढ़ी है। इसको एनहैन्स करने की कोशिश करिये। इसी तरह से ओबीसी के साथ भी हुआ है। ओबीसी का भी जो बजट है, पहले मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट के थ्रू इंप्लीमेंट होता था। यही पैटर्न उसमें भी दिखाया गया है। It is likely that the officers have misled. Of course, we know that the buereacracy does. I was part of the bureaucracy.

(r3/1725/mm/kmr)

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि यह पहले जैसा होना चाहिए न कि यह पैसा राज्यों को दिया जाना चाहिए। मैं एक बात ओबीसी कमीशन के बारे में कहना चाहूंगा। OBC Commission is toothless. OBC Commission has to be

शेष पृष्ठ 5 पर ...

सिविल सर्विसेज में आकर्षण क्यों?

डॉ. उदित राज

इस वर्ष के सिविल सर्विसेज में सफल होने वाले अंग्रेजी माध्यम वाले परीक्षार्थी बहुतायत में थे। इस पर मुखर्जी नगर, दिल्ली से विरोध का सुर निकला और अन्यत्र जगहों पर भी असर किया। 2009 में हिन्दीभाषी सफल उम्मीदवार 25.4 प्रतिशत थे, 2010 में 13.9, 2011 में 9.8 और 2013 में 2.3 प्रतिशत ही रह गए। 2013 में कुल सफल उम्मीदवार 1122 थे जिसमें हिन्दीभाषी 26 ही पास कर पाये। यह सबसे बड़ा आक्रोश का कारण है जिससे प्रतिस्पर्धा में बैठने वाले छात्र एवं नौजवान सड़क पर उतरे हैं।

मैंने स्वयं 1988 की सिविल सर्विसेज का परीक्षा दी थी और भारतीय राजस्व सेवा में चुना गया। 1990 में प्रथम तैनाती सहायक आयकर आयुक्त के पद पर हुयी। मैं आर्थिक परिस्थितियांवश इस सेवा में गया और 2003 में अतिरिक्त आयकर आयुक्त पद पर से इस्तीफा दे दिया। अपवाद को छोड़कर के इस सेवा में प्रवेश करने के लिए परीक्षार्थियों के लिए इससे बड़ा कोई भारत में अवसर नहीं दिखता। 1980 के पहले विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के परीक्षार्थी बहुत कम सिविल सर्विसेज के लिए प्रयास करते थे। यह भी कारण था कि उस समय तक नौकरशाहों की बादशाहत के प्रति आकर्षण हो गया था। आईआईटी के कैंपस पर 80 के बाद इसका प्रभाव साफ दिखने लगा था। पहले दो वैकल्पिक विषय और सामान्य ज्ञान का पेपर हुआ करते थे। जिसका प्राप्तांक 1800 हुआ करता था और साक्षात्कार का 250 अंक था। वर्तमान में दो सामान्य ज्ञान के पेपर जो 500-500 अंक के हैं, एक वैकल्पिक विषय 500 का है, निबंध 250 और साक्षात्कार 275 का है। इन दोनों व्यवस्थाओं से इंजीनियर्स और डॉक्टर फायदे में रहे और वर्तमान वाले में तो इनका आधिपत्य ही स्थापित हो गया। 1980 से पहले की व्यवस्था विज्ञान के परीक्षार्थियों के पक्ष में इतनी नहीं थी।

आजादी के बाद केरल के लोग ज्यादा सफल हुआ करते थे और धीरे-धीरे इलाहाबाद सिविल सेवा सर्विसेज का केंद्र बना इसके बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय। 1980 के बाद इंजीनियरों और डॉक्टरों में इसका आकर्षण पैदा हुआ। भूमंडलीकरण के कारण बीच में लगा कि निजी क्षेत्र में देश-विदेश में सिविल सर्विसेज से ज्यादा पैसा और सुविधाएं पाने के अवसर पैदा हो रहे हैं और इसलिए उत्कृष्ट टैलेंट वहां जाने लगेगा। कुछ समय के लिए ऐसा हुआ भी लेकिन सिविल सर्विसेज में जाने का आकर्षण कम नहीं हुआ। उन राज्यों में ज्यादा आकर्षण है जहां पर विकास रूक गया है। हर समाज में कुछ लोग ऐसे होते ही हैं जिन्हें शिखर पर पहुंचने की प्रवृत्ति होती है। जब व्यवसाय, कला और अन्य क्षेत्रों में बेहतर करने का अवसर ही न मिले तो ऐसे में सिविल सर्विसेज एक ही विकल्प दिखता है। बिहार में उद्योग-धंधे कम हैं और अन्य अवसर भी खास नहीं है जिससे कि वहां के लोगों की महत्वकाक्षाएं पूरी हो सके। सन् 1980 के दशक से सिविल सर्विसेज के प्रति ज्यादा ही बिहार के लोगों में आकर्षण पैदा हुआ और अब कहा जाने लगा है कि आने वाले कुछ साल में देश का कोई ऐसा जनपद नहीं होगा जहां बिहार के अधिकारियों का उच्च पद में भागीदारी न हो। आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक आदि प्रदेशों में कारपोरेट संस्कृति, आईटी और अन्य अवसर उत्पन्न हो गए इसलिए वहां के नौजवानों में मात्र सिविल सर्विसेज ही एक विकल्प नहीं है और यही कारण है कि शुरुआत में उन्होंने बढ़त ली थी लेकिन अब ऐसा नहीं रह गया है।

यह भी जांचना आवश्यक है कि सिविल सर्विसेज में जाने की इतनी होड़ क्यों है? यह देखा गया है कि

शेष पृष्ठ 3 पर ...

'नसोसवायएफ' का चार दिवसीय कैडर कैंप दिल्ली में संपन्न

डी. हर्षवर्धन दवणे

नेशनल एससी, एसटी, ओबीसी स्टूडेंट एंड यूथ फ्रंट (नसोसवायएफ) का चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 17 जुलाई से 20 जुलाई तक अंबेडकर भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस चार दिवसीय राष्ट्रीय कैडर कैंप में देश के विभिन्न राज्य के सैकड़ों युवा और छात्र नेता उपस्थित थे। शिविर के पहले दिन छात्र एवं युवा नेताओं को ''नसोसवायएफ की जरूरत क्यों?'' विषय पर नेशनल कोऑर्डिनेटर डी. हर्षवर्धन ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में दलित, आदिवासी, ओबीसी का राष्ट्रीय स्तर का एक भी संगठन स्थापित नहीं हुआ था। ऐसा करने का किसी ने प्रयास भी नहीं किया। इसकी कमी पूरी करने एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण दिलाने, जातिविहीन समतामूलक समाज की स्थापना के लिए 'नसोसवायएफ' का निर्माण डॉ. उदित राज के नेतृत्व में किया गया।

पहले दिन के तीसरे सत्र में 'बाबा साहेब अंबेडकर और उनका राष्ट्र निर्माण का कार्य' विषय पर बैंगलुरु (कर्नाटक) के प्रसिद्ध वक्ता अरविंद बौद्धा ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर देश के एकमात्र राष्ट्रवादी एवं परम देशभक्त नेता थे जो हर पल अपने देश के बारे में चिंता करते थे। 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान', पार्टिशन ऑफ इंडिया जैसी किताबें बाबा साहेब की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत थी। इतना ही नहीं जब धर्मान्तरण का मुद्दा आया तो ईसाई, मुस्लिम धर्म को न अपनाते हुए भारत के संस्कृति का एक रूप बौद्ध धर्म को स्वीकार किया। इससे उनकी राष्ट्रभक्ति समझ में आती है। जब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिली तो उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने एवं देश के स्त्री एवं पुरुष को एक समान स्तर पर लाने के लिए 'हिंदू कोड बिल' का निर्माण करके देश में फैली स्त्री-पुरुष असमानता को मिटाने का प्रयास किया। आजादी के पहले भी उन्होंने देश के बंटवारे का विरोध किया था। यह उनके राष्ट्रभक्त होने का प्रमाण है।

इस कैंप के दूसरे दिन 'नसोसवायएफ' की विचारधारा एवं उद्देश्य' विषय पर डी. हर्षवर्धन ने कहा कि 'नसोसवायएफ' की विचारधारा अंबेडकरवादी है। 'नसोसवायएफ' एक अंबेडकरवादी छात्र एवं युवाओं का संगठन है। जातिविहीन समतामूलक समाज की स्थापना करना, समान एवं अनिवार्य शिक्षा, सामाजिक न्याय और समान अवसर का कार्य करना ही 'नसोसवायएफ' का उद्देश्य है।

शिविर के तीसरे दिन 'जातिविहीन समतामूलक समाज और राज्य समाजवाद की स्थापना' विषय पर 'नसोसवायएफ' के संरक्षक एवं सांसद डॉ. उदित राज ने कहा कि अंबेडकरवाद से ही देश में जातिविहीन समतामूलक समाज की स्थापना होगी। अंबेडकरवादी आंदोलन ही देश में समानता स्थापित कर सकता है।

देशभर से आए युवा एवं छात्र नेताओं के साथ डॉ. उदित राज (बीच में)

डॉ. उदित राज ने आगे कहा कि निजी क्षेत्र में आरक्षण हमारे जीवन-मरण का प्रश्न है। त्याग, समर्पण के बिना हम अपने अधिकार नहीं पा सकते। हमारे युवाओं में अपने अधिकारों को पाने के लिए मर-मिटने का जज्बा होना चाहिए। अगर अपने अधिकार मांगने से न मिले तो उसे छीन लेना होगा। हमें बाबा साहेब के आंदोलन को जिंदा रखने के लिए युवाओं को अभी से तैयार करना होगा। इन युवाओं को अंबेडकर आंदोलन से जोड़ना होगा और ये काम नेशनल एससी, एसटी, ओबीसी स्टूडेंट एंड यूथ फ्रंट कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। 'नसोसवायएफ' का निर्माण ही अंबेडकरवादी आंदोलन को बचाने व निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए किया गया है।

तीसरे दिन के दूसरे सत्र में 'निजी क्षेत्र में आरक्षण' विषय पर डी. हर्षवर्धन ने कहा कि निजीकरण के माध्यम से सरकारी क्षेत्र में नौकरियों को खत्म किया जा रहा है और भूमंडलीकरण, निजीकरण एवं उदारीकरण से नई गुलामी का आगाज हुआ है। इसलिए दलित, आदिवासी, ओबीसी के लिए निजी क्षेत्र में आरक्षण की हम मांग करते हैं।

इस चार दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में 'नसोसवायएफ' के देश के विभिन्न राज्यों के छात्र एवं युवा नेता उपस्थित थे। इस कैडर कैंप में रवि प्रकाश, नागेश सोनुले, गौतम गायकवाड़ (महाराष्ट्र), राज बोड़ात, भंवर बहादुर, अशोक कुमार (राजस्थान), प्रताप सिंह अहिरवार, मुकेश योगी, सतेंद्र सहगर, हेमंत उपाध्याय (मध्यप्रदेश), धर्मेंद्र कुमार, श्रवण कुमार राज (उत्तर प्रदेश), अमृत बोड़ात (गुजरात), रंजित हलदर, सुदेव विश्वास (पश्चिम बंगाल), अजय पासवान (बिहार), विरेंद्र कुमार, रवि कुमार (हरियाणा) एवं अन्य प्रमुख नेतागण उपस्थित थे।

डा0 उदित राज ने संसद में बजट पर अपना पक्ष रखा

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2014 : भारतीय जनता पार्टी की ओर से डा0 उदित राज ने आज संसद में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह पहला ऐसा बजट है जो बहुत संतुलित है। किसी विशेष वर्ग या क्षेत्र के पक्ष में कोई झुकाव नहीं है, बल्कि सभी को संबोधित करता है, चाहे वे गरीब हों या अमीर अथवा व्यापारी, निवेशक, किसान, विदेशी व्यवसायी। वित्त मंत्री, श्री अरूण जेटली ने अच्छे दिन लाने का बजट पेश किया है। वित्तीय घाटे को 4.1 रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है और वर्ष 15 और 16 में क्रमशः 3.6 और 3 प्रतिशत। डा0 उदित राज ने कहा कि वित्तीय घाटे को पूरा करने के लिए कर का दायरा बढ़ाना चाहिए। चाहे भले ही खर्च में कटौती क्यों न करना पड़े। वित्तीय घाटा कम होने से न केवल देशी और विदेशी व्यापारियों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि निवेश भी बढ़ेगा। सरकार को चाहिए कि बैंकों के लोन की वापसी के लिए प्रयास करे। वित्तमंत्री ने कृषि, बचत, स्किल, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुशासन के माध्यम से विकास दर 7-8 पर बनाए रखने का लक्ष्य रखा है। बैंकों को पहली बार यह सहूलियत मिली कि वे एसएलआर और सीआरआर शर्तों को शिथिल करते हुए पैसे का इंतजाम करके इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में लंबी अवधि के लिए बांड इत्यादि जारी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान है। किसानों के लिए नेशनल मार्केट बनाया जाएगा ताकि अपने उत्पाद को बिना रोक-टोक बेच सकें। नाबार्ड को 2000 करोड़ रुपये देकर 2000 उत्पादनकर्त्ताओं का संगठन बनाने के लिए प्रोत्साहन किया गया है। 5000 करोड़ रुपये वेयरहाउसिंग के निर्माण के लिए रखा गया है। इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा।

डा0 उदित राज ने आगे कहा कि कर के क्षेत्र में कई सराहनीय सुधार कार्य किए गए हैं। सी.बी.डी.टी. एवं सी.बी.ई.सी. द्वारा एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा जो करदाताओं को समय-समय पर विभिन्न मुद्दों पर सलाह देने का कार्य करेगा। अभी तक एडवांस रूलिंग की सुविधा प्रवासी भारतीयों को ही मिलती थी लेकिन अब भारतीय व्यापारियों को भी यह सुविधा मिलेगी। सेटलमेंट कमीशन का दायरा बढ़ाने पर जोर दिया गया है, ताकि कर संबंधित मुकदमें जल्दी निबटाए जा सकें। इस समय 4 लाख करोड़ रुपये का टैक्स कानूनी पेंच में फंसा पड़ा है, जिसका निबटान करने के लिए सार्थक कदम उठाए जाएंगें। विदेशी निवेशक अभी तक इसलिए भी डरते थे कि बीते हुए वर्ष की तिथि से कानून बना दिए जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

डा0 उदित राज ने वित्तमंत्री एवं प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया कि दिल्ली में पानी की कमी को दूर करने के लिए 500 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार द्वारा आर्थिक जगत् में गड़बड़ियों को सुधारने की एक बहुत बड़ी चुनौती सरकार के सामने है। रेलवे भाड़ा बढ़ाने का प्रस्ताव यू.पी.ए. सरकार का ही था। 50 हजार करोड़ रुपये का इक्कम टैक्स रिफंड 31 मार्च, 2014 के बाद दिया गया जिससे सरकार की इस वर्ष की आय में फर्क पड़ा। राज्यों को 32 हजार करोड़ रुपया सरकार की देनदारी है, वह भी एक चुनौती है लेकिन बजट को देखते हुए लगता है कि न केवल इन चुनौतियों का सरकार सामना करेगी बल्कि अच्छे दिन भी स्थापित करेगी।

मोदी सरकार की ऐतिहासिक पहल

23 जुलाई, 2014, नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी से सांसद डॉ. उदित राज ने कहा कि यह पहली बार हुआ जब लोकसभा में बजट पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय पर चर्चा हुई। संसदीय मंत्री श्री वेंकैया नायडू एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद गहलोत को उसके लिए धन्यवाद देना चाहिए। कांग्रेस लगभग 55 साल केंद्र की सरकार में रही और उसके समय में यह कभी न हो सका। अनुसूचित जाति की आबादी के अनुसार योजनागत बजट का पैसा आवंटित होना चाहिए और कांग्रेस सरकार ने कभी ऐसा किया नहीं और इस बार के बजट में कुछ बढ़ोतरी हुई है। इसके लिए वित्तमंत्री अरूण जेटली को धन्यवाद देना चाहिए।

डॉ. उदित राज ने संसद में कहा कि केंद्र सरकार जो धनराशि दलितों एवं आदिवासियों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के द्वारा इनका उत्थान कर रही है, यह देखा जाए कि राज्य सरकारें इसका दुरूपयोग न कर पाये। पूर्व में देखा गया है कि इनके पैसे का दुरूपयोग किया गया है। एशियाड खेल में अनुसूचित जाति के स्पेशल कंपोनेंट की 700 करोड़ से अधिक धनराशि खर्च कर दी गयी थी। उन्होंने संसद में कहा कि यह अकसर होता है कि अनुसूचित जाति स्पेशल कंपानेंट प्लान और अनुसूचित जनजाति प्लान का पैसा अन्य विभिन्न योजनाओं में लगा दिया जाता है और तर्क यह दिया जाता है कि इस्तेमाल तो ये भी करते हैं। मान लिया कि सड़क का निर्माण कर दिया गया तो तर्क यह दिया जाता है कि इसका प्रयोग अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग भी करते हैं और ऐसे में इस योजना का मतलब क्या है? उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकारों के माध्यम से योजनाओं को क्रियांवित करती है लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए कि यहां से राशि राज्य को सीधे भेज दिया जाए। उत्तर प्रदेश में तो बहुत संभावनाएं है कि दलितों का पैसा दुरूपयोग कर दिया जाए क्योंकि वहां की सरकार ही खुलकर के दलित विरोधी कार्य करती है।

डॉ. उदित राज ने कांग्रेस की आज संसद में खूब खबर ली और कहा कि वे कम से कम भाजपा पर आरोप नहीं लगा सकती क्योंकि यदि आरक्षण न हुआ होता तो आज भी दलित-आदिवासी संसद में प्रवेश नहीं कर सकते थे। इसके लिए कांग्रेस ही जिम्मेदार है। अगर उसकी नियत सही होती तो कुछ दलित-आदिवासी इतना उत्थान कर चुके होते कि बिना आरक्षण के ही संसद-विधानसभा में वे चुनकर आ जाते। कांग्रेस के समय में कभी भी योजनागत बजट का 8 प्रतिशत से अधिक राशि आवंटित नहीं हुई जबकि आबादी के हिसाब से 16.6 प्रतिशत होना चाहिए। पूर्व की कमियों को कुछ दिनों में सरकार सुधार नहीं सकती और इसके लिए समय लगेगा। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि इनके लिए अब तक जो न किया जा सका है वह उनके ही कर-कमलों से होना है।

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ
All India Confederation of SC/ST Organisations

Dr. Udit Raj
National Chairman

Corres.: T-22, Atul Grove Road, Connaught Place, New Delhi-110001
Tel: 011-23354841, 011-23354842, Fax: 011-23354843
Email: dr.uditraj@gmail.com, web.: www.uditraj.com

परिपत्र संख्या : 80 दिनांक : 26/07/2014

प्रिय

जिन परिस्थितियों में मैंने संसद पहुंचने का फैसला लिया, अधिकतर परिसंघ के लोग जानते और समझते हैं। मैं उत्तर पश्चिम दिल्ली से चुनकर लोकसभा में पहुंचा हूं। इसमें मेरी व्यक्तिगत इच्छा या संतुष्टि बाद में है और मुख्य उद्देश्य दलित, आदिवासी और वंचित समाज की भागीदारी पहले। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के समय भी यही प्रतिबद्धता मैंने दुहराई थी और यह पूरा जीवन रहेगा। संसद में पहुंचने का मतलब तभी साकार होगा जब परिसंघ के लोग काम को और तेज करेंगे। अकेले भारतीय जनता पार्टी को 282 सीटें मिली हैं जबकि मुद्दा आरक्षण या दलित उत्थान आदि चुनाव में नहीं बन पाया था। किसी भी पार्टी का मुद्दा चुनाव में आरक्षण या दलित सशक्तिकरण नहीं था। जब आरक्षण और दलित अधिकार की बात उठे बिना सत्ता में पहुंचा जा सकता है तो मैं कितना पार्टी और संसद में कर सकूंगा जब तक कि सामाजिक आंदोलन तेज न हो। इस बार मेरे आंदोलन के साथियों ने भाजपा को चुनाव में पूरा समर्थन किया है और उसका पुरस्कार मिलना चाहिए ऐसा मैं समझता हूं। भाजपा में शामिल होने से पहले मेरी प्रमुख शर्त यही थी कि दलित समाज को भागीदारी हर क्षेत्र में मिले, वह भाजपा का पूरा साथ देगा और एक बार नहीं बल्कि लगातार।

परिसंघ अकेले गत् 17 साल से आरक्षण बचाने की लड़ाई लड़ रहा है लेकिन अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। केवल ब्राह्मणवाद की आलोचना करना आंदोलन समझ लिया जा रहा है जबकि यह गलत है। हमें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना है और जिनके हाथ में देश की धन-संपत्ति और सत्ता है उसका साथ देकर विभिन्न क्षेत्र में भागीदारी लेना है। नई आर्थिक नीति की वजह से आरक्षण घटा है। सामाजिक आंदोलन यदि तेज होता है तो हम विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी के लिए स्वयं सक्षम हो जाएंगे।

मेरे संसद में पहुंचने का असर दिखने लगा है। अब के पहले कभी भी किसी बजट सत्र के समय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पर चर्चा और वोटिंग शायद ही हुई हो। पर्यावरण हो या अन्य छोटे-छोटे मंत्रालय पर बहस होना स्वाभाविक है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय पर बहस का मामला संसद के कामकाज के सबसे अंत में रखा गया था। इसलिए जब तक उसका समय आता संसद उठ गयी होती। मैं स्पीकर - श्रीमती सुमित्रा महाजन, संसदीय कार्य मंत्री - श्री वेंकया नायडू, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - श्री थावर चंद गहलोत और मुख्य सचेतक - श्री अर्जुन मेघवाल से मिला और कहा कि 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जन जाति की आबादी ही नहीं बल्कि पिछड़े वर्ग से संबंधित मंत्रालय पर अगर बहस नहीं होती है तो समाज क्या सोचेगा? और मैं क्या जवाब दूंगा? आपको अपार हर्ष होना चाहिए कि पहली बार इस पर चर्चा हुई और पार्टी की ओर से मैं पहला वक्ता था। आज़ादी के बाद से अभी तक हमारे साथ क्या-क्या अन्याय किया जाता रहा, उस पर पहली बार संसद में चर्चा हुई।

अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए परिसंघ को फिर से नई गति देने का समय आ गया है और इसलिए इस बार का राष्ट्रीय अधिवेशन 16-17 अगस्त, 2014 को प्रातः 10 बजे से स्पीकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, भारतीय रिजर्व बैंक के पीछे (नजदीक पटेल चौक मैट्रो स्टेशन) नई दिल्ली में रखा गया है। यह कार्यक्रम परिसंघ के राष्ट्रीय महासचिव श्री विनोद कुमार, राष्ट्रीय महामंत्री श्री नेतराम ठगेला एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नाहर सिंह के संरक्षण में हो रहा है, आने की अग्रिम सूचना उन्हें अवश्य दें, उनसे संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर :- 09871237186, ईमेल : vinodkumarijp@gmail.com, है।

सद्भावनाओं सहित,

आपका,
उदितराज
(उदित राज)

शेष पृष्ठ 1 का ...

सिविल सर्विसेज में आकर्षण क्यों?

जहां पर सामंती और पारंपरिक सोच के लोग हों वहां के लोग ज्यादा आकर्षित होते हैं। उसका कारण यह है कि सिविल सर्विसेज में न केवल अच्छा वेतन है बल्कि पावर भी है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे प्रदेशों के गांवों में पुलिस के थानेदार की इज्जत एक प्रोफेसर से ज्यादा होती है। इन परीक्षार्थियों को यह विकल्प दिया जाए कि इससे दो या तीन गुना ज्यादा वेतन एवं सुविधा निजी क्षेत्र में मिलेगा तो भी वहां नहीं जाना चाहेंगे। साक्षात्कार के समय सभी को यह तैयार कराया जाता है कि जब बोर्ड में पूछा जाए कि इसी सेवा में क्यों जाना चाहते हो तो एक रटा-रटाया उत्तर होता है कि प्रशासन में जाकर के समाज और देश की सेवा करने का इच्छा है। यह अधूरा सच है और इसका उजागर करना एक नैतिक और विवादित प्रश्न खड़ा कर देगा इसलिए इतना ही इशारा समझदार के लिए काफी है।

भारतीय भाषाओं के छात्र जो आंदोलन कर रहे हैं उनकी मांग जायज है लेकिन समग्र परिस्थिति के विश्लेषण का अभाव है। इनका कहना है कि हिंदी में किया हुआ अनुवाद असफलता का एक कारण है। इसके अलावा सीसैट भारतीय भाषाओं के परीक्षार्थियों को रोकने का कार्य कर रहा है। यह परीक्षा प्रणाली अंग्रेजीभाषी परीक्षार्थियों के पक्ष में ज्यादा है। इनके असंतोष में वह बात देखने को नहीं मिली जो मूल कारण हैं। 1990 के बाद निजीकरण का दौर बढ़ा और शिक्षा जगत इससे न बच सका। आज लगभग 60 प्रतिशत उच्च शिक्षा निजी क्षेत्र के दायरे में पहुंच गयी है और प्राथमिक शिक्षा की बात ही क्या कहना जो व्यवसायिक और लाभकारी शिक्षा है। उसका एक बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र में जा चुका है। निजी क्षेत्र के शिक्षा संस्थानों में न केवल अच्छे शिक्षक होते हैं बल्कि सुख-सुविधाएं सरकारी स्कूलों से कई गुना ज्यादा होती है। इसके अतिरिक्त ट्यूशन भी कराया जाता है और घर में मां-बाप भी कदम-कदम पर निगरानी रखते हैं। ज्यादातर सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नाममात्र की होती है और ये जो तीनों सुविधाएं हैं वे वंचित रहते हैं। यह भी एक यथार्थ है कि ज्यादातर पढ़ाकू छात्र शुरू से गणित और विज्ञान की ओर मुखातिब हो जाते हैं और इनका पढ़ाई का माध्यम शुरुआत में अंग्रेजी न भी हो लेकिन बाद में हो जाता है। यह भी एक कारण है कि भारतीय भाषाओं के छात्र असफल हो रहे हैं। जो नई शिक्षा प्रणाली आई है जिसके तहत बच्चे को दसवीं तक परीक्षा न देना हो उससे भारतीय भाषाओं के परीक्षार्थियों का सबसे ज्यादा हानि हो रही है। इस व्यवस्था को फौरन समाप्त करना चाहिए। शिक्षा का निजीकरण और परीक्षा से मुक्ति के कारण भारतीय भाषाओं के उम्मीदवारों का ज्यादा हानि हो रही है। सीसैट, अनुचित अनुवाद और अंग्रेजी भाषा तो कारण है ही।

इस समय देश के समक्ष यह चुनौती है कि इस संकट से कैसे निपटा जाए। अगर अंग्रेजी हटाते हैं तो भी मुश्किल है। भारत सरकार का ज्यादातर काम अंग्रेजी में ही होता है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में तो अंग्रेजी के बगैर गुजारा नहीं है। दक्षिण भारतीय सिविल सर्वेंट अगर उत्तर भारत में आता है और उत्तर भारत वाला दक्षिण भारत में जाता है तो बिना अंग्रेजी के कैसे संवाद स्थापित कर सकेगा? सीसैट में डिसिजन मेकिंग, न्यूमेरिकल स्किल, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन आदि की वजहों से भारतीय भाषा के छात्र अच्छा नहीं कर पा रहे हैं। यदि इन्हें हटा दिया जाता है तो जिस टैलेंट की सिविल सर्विसेज में चाहत है, उससे हम वंचित रह जाते हैं। एक नौकरशाह में औसत ज्ञान, गणित, निर्णय लेने और विश्लेषण करने की क्षमता होना चाहिए। वर्तमान में यही असली चुनौती है कि कैसे संतुलन बनाया जाए ताकि जिस प्रतिभा की आवश्यकता है वह बनी रहे और हिंदीभाषी परीक्षार्थी नुकसान में न रहे।

अपराध का सिलसिला

सय्यद मुबीन जेहरा

बैंगलुरु के एक नामी स्कूल में छह वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार और उसके बाद स्कूल प्रशासन की खामोशी इस बात का सबूत है कि हमारे समाज में किस प्रकार के वहशी और दरिंदे घूम रहे हैं। अगर एक मासूम बच्ची तक सुरक्षित न हो और स्कूल प्रशासन अपना पल्ला झाड़ने में लग जाए तो इससे यह साबित होता है कि हमारा समाज महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर गंभीर नहीं है। बंगलुरु की इस घटना पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय को संज्ञान लेकर स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए।

पूरे देश में हर दिन औसतन 92 महिलाएं बलात्कार का शिकार होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2013 की रपट के अनुसार यों तो हर तरह के अपराध बढ़े हैं, लेकिन चिंता की बात है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध घटने का नाम नहीं ले रहे हैं। अफसोस की बात है कि इन अपराधों को भी मीडिया में दिखाते समय राजनीति को सामने रखा जाता है। किसी एक राज्य या एक पार्टी को निशाने पर ले लिया जाता है या फिर एक वर्ग को। इसके अलावा दंगों में या भीड़ द्वारा महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रिपोर्ट दिखाने या उनकी निंदा करने में भी दोहरा मापदंड अपनाया जाता है। ऐसे में चिंता का विषय है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर कैसे रोक लगे।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और असम बलात्कार की सबसे अधिक घटनाओं वाले पहले पांच राज्यों में शामिल हैं। मगर मीडिया की कवरेज देखें तो ऐसा लगता है जैसे कुछ एक ही राज्यों में ऐसे अपराध हो रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजनीति न सिर्फ समाज की संवेदनहीनता को दर्शाती, बल्कि अपराध के विरुद्ध जंग को भी कमजोर करती है। देश में जिस गति से अपराध बढ़ रहे हैं, उस हिसाब से पुलिसकर्मियों की संख्या नहीं बढ़ रही है। पुलिस सुधार की बात तो बहुत होती है, पर इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है। अदालतें भी कम पड़ रही हैं, उनमें अनगिनत मामले लंबित हैं। इन परिस्थितियों में अपराध को कम कर पाना चुनौती है। हालांकि इसके बावजूद कुछ आशा के संकेत भी मिले हैं।

एक तो यह कि पुलिस की कार्यक्षमता में कुछ वृद्धि हुई है। 2012 में जहां पुलिस ने साढ़े चौंसठ प्रतिशत मामले निपटाए थे वहीं 2013 में साढ़े अड़सठ प्रतिशत मामले निपटाए गए। मगर हैरानी की बात है कि दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में बलात्कार की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है।

देश के जिन राज्यों में इन घटनाओं में कमी आई है वह है पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल में बलात्कार के कुछ मामलों में जरूर हंगामा हुआ, पर 2012 में हुई दो हजार छियालीस घटनाओं के मुकाबले 2013 में यह संख्या घट कर एक हजार छह सौ पचासी रह गई। मगर चिंतित करने वाली बात है कि इन घटनाओं में महज चार सौ बाईस मामलों में वारदात करने वाले जान-पहचान वाले थे। यानी ज्यादातर वारदातें बाहरी लोगों द्वारा अंजाम दी गईं। यह समाज में घुल रही आपराधिक प्रवृत्ति को उजागर करती है।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में अपराधों की संख्या दोगुनी हो गई है। वहां 2012 में बलात्कार के एक हजार नौ सौ तिरसठ मामले दर्ज हुए, जो 2013 में बढ़ कर तीन हजार पचास हो गए। यहां यह बात भी ध्यान रखनी होगी कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव सरकार के दौरान दंगों का एक सिलसिला-सा नजर आता है। मुजफ्फरनगर दंगों और वहां हुए महिलाओं के खिलाफ अपराध की वजह से समाजवादी पार्टी को लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा था। इसके बाद भी वहां से लगातार महिलाओं के खिलाफ अपराधों की खबरें मिलती रही हैं। इन वारदातों की गूंज विदेशों में भी पहुंची है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस पर चिंता जताई है।

राजस्थान में भी पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान उत्तर प्रदेश से अधिक बलात्कार की घटनाएं हुईं- तीन हजार दो सौ पचासी। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में भी उत्तर प्रदेश से अधिक बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। मध्यप्रदेश में 2013 में देश में सबसे अधिक बलात्कार की घटनाएं हुईं- चार हजार तीन सौ पैंतीस। महाराष्ट्र में यह संख्या तीन हजार छह सौ तीन है। ये आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध का किसी राजनीतिक दल से कुछ लेना-देना नहीं है, बल्कि समाज का सोच ही इसके पीछे असली दोषी है। इसके बाद पुलिस और कानून आते हैं, जो महिलाओं का विश्वास जीत पाने में विफल रहे हैं। शायद हमारे समाज के ताने-बाने में ही महिला असुरक्षा का बोध है।

जाहिर है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध हर राज्य में हो रहे हैं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किस पार्टी की सरकार है। मगर मीडिया में राजनेताओं के बयानों से ऐसा लगता है जैसे उन्हें केवल विरोधी पार्टी द्वारा शासित राज्य नजर आते हैं। जिनके खिलाफ यह बात की जाती है वे अपने विरोधियों के राज्य के रिकार्ड निकाल कर सामने रख देते हैं। इस तरह एक-दूसरे पर निशाना साधते हुए ये लोग वास्तविक समस्या को भटका देते हैं।

दरअसल, यह सारा मामला हमारे समाज से जुड़ा है। हमारे समाज में महिलाओं को लेकर गलत सोच को बढ़ावा मिला है। पुरुष करे तो ठीक, पर महिला करे तो गलत जैसा सोच समाज को गलत दिशा में ले जा रहा है। मैं महिलाओं के मुंह नहीं लगता, महिला हो इसलिए माफ कर दिया, चूड़ी पहन के बैठ जा, महिलाओं की तरह रोने लगा, औरत हो तो औरत की तरह रहो ज्यादा हवा में मत उड़ो, तुम लड़की हो इसलिए नहीं पढ़ सकती, अरे लड़की बड़ी हो गई है इसके हाथ पीले कर दो, दो लड़कियां सिर पर बोझ बन कर बैठी हैं जैसी महिला विरोधी बातें हमारे समाज की ही देन हैं। ये धारणाएं बताती हैं कि हमारा समाज महिलाओं को लेकर किस तरह के सोच में जीता है।

इस मामले में धर्म, समाज, राजनीति सबको आगे आकर महिलाओं की इज्जत-आबरू की रक्षा करनी होगी। घर से निकलते ही हर मोड़, हर गली में कोई न कोई धार्मिक स्थल नजर आ जाता है, पर क्या हमारे जीवन में धर्म कुछ ऐसा कर पाया है कि हम अपराध से बचें। धर्म का नाम लेकर एक-दूसरे के खिलाफ अपराध और अत्याचार का पहाड़ तोड़ दिया जाता है तब भी धर्म चुप रह जाता है। जाहिर है, धर्म हमारे जीवन में व्यावहारिक बदलाव लाने से चूक रहा है, क्योंकि हम धर्म या मजहब की वास्तविक आत्मा से दूर हो गए हैं।

सरकारें, राजनीतिक दल और समाज के छोटे-छोटे समूह तो अपना उल्लू सीधा करने में लगे रहेंगे, लेकिन धर्म में सम्मान पाने वाले लोग अगर इस संबंध में लोगों को महिलाओं का सम्मान करने की सख्त हिदायत दें, तो यह समाज की बड़ी सेवा होगी। मगर कभी-कभी विचार आता है कि क्या धर्म इस संबंध में कुछ कर पाएगा? जरूरत है कि महिला सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार समाज को जागरूक किया जाए। एक बार समाज में सुधार आ गया तो पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है, क्योंकि यह मामला पूरी तरह समाज से जुड़ा है और इसमें राजनीति की गुंजाइश बिल्कुल नहीं है।

(साभार : जनसत्ता)

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशि:

पांच वर्ष : 600 रुपए

एक वर्ष : 150 रुपए

डॉ. उदित राज ने नांगलोई का दौरा कर वर्षों से रुके परियोजनाओं को शुरू किया

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 2014 : डॉ. उदित राज आज बीएसईएस, एनडीपीएल, दिल्ली जल बोर्ड एवं एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुल्तानपुरी रोड, नांगलोई का दौरा कर कई वर्षों से रुके परियोजनाओं का जायजा लिया एवं त्वरित कार्रवाई की। ओपन सत्र के दौरान स्थानीय निवासियों और दुकानदारों सहित सैकड़ों लोगों के बीच डॉ. उदित राज ने विभिन्न विभागों से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को उनसे संबंधी रुके कार्यों को जल्द पूरे करने के आदेश दिए। इसके अनुसार, नांगलोई के सीवर लाईन अगले 10 दिनों में तैयार हो जाएगा, जनता मार्केट में पंपिंग के कार्य अगले तीन दिनों में शुरू हो जाएगा साथ ही बाजार में खंभों को दो दिनों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। ध्यान देने योग्य बात है कि ये सारे कार्य कई वर्षों से लंबित होने के कारण यहां के निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यहां के लोगों को इन परेशानियों से अब जल्द निजात मिलने जा रही है।

इस मौके पर डॉ. राज ने लोगों को विश्वास दिलाया कि भाजपा जनता को अधिक से अधिक शासन उपलब्ध कराने के अपने वादे पर खरी उतरेगी और हम इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि सभी आवंटित परियोजनाओं को ठीक तरीके से लागू कराया जाए।

अंत में केजरीवाल पर प्रहार करते हुए उदित राज ने कहा कि "केजरीवाल आयकर विभाग में मेरे जूनियर थे और उन्होंने विभाग की बेहतरी के लिए कुछ नहीं किया। केजरीवाल प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद कर रहे थे और इसलिए मुख्यमंत्री के पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया लेकिन आज स्थिति यह हो गयी है कि उनके लिए विधायक की सीट भी अब जीतना मुश्किल होगा।"

इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदीप बाबु (चीफ इंजीनियर, एमसीडी), रणवीर सिंह (अतिरिक्त उपायुक्त), एस. एल. मीणा, रमेश ठाकुर (दिल्ली जल बोर्ड), एम. पी. गुप्ता (एमडी, एनडीएमसी, एसई परियोजना) और अनिल शर्मा (एजीएम, टाटा पावर, एनडीपीएल) उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में स्थानीय भाजपा नेता नरेंद्र बिंदल और श्री. विनोद कटारिया की अहम भूमिका रही।

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ
All India Confederation of SC/ST Organisations

Dr. Udit Raj
National Chairman

Corres.: T-22, Atul Grove Road, Connaught Place, New Delhi-110001
Tel: 011-23354841, 011-23354842, Fax: 011-23354843
Email: dr.uditraj@gmail.com, web.: www.uditraj.com

Circular No. : 80 Dated 26th July, 2014

Dear

Most of the members of the Confederation know about the circumstances in which I decided to enter into Parliamentary Politics. I have been elected to the parliament from North West Delhi. My personal interest or satisfaction comes way later, the primary guiding force, for me ? Is the empowerment of Dalits, Adivasis and the backward classes. I had stressed on this goal while joining the BJP also and I shall be determined towards this goal throughout my life. However, my entrance into the parliament shall bear fruits only if the confederation works even harder for the cause that we have set as our life goal. BJP alone has 282 seats in the parliament but Reservation or Dalit empowerment did not become an electoral issue. No party made Dalit empowerment as the centrepiece of its campaign. If one can gain power without raising the issue of Dalit empowerment, to what extent can I alone rake up the issue of Dalit empowerment and especially if it is not complemented by social movements. This time my friends of the movement have fully supported BJP and for that I believe they should be given all the credits. My main condition to join BJP was the inclusion of Dalits in all the sectors and if Dalits are given their due share in all the sectors they would continually support the BJP.

Confederation alone has been fighting the struggle for protection of reservations for last 17 years but it has not received the expected support. Criticising Brahmanism alone is misunderstood as the struggle but this is not right . We must adopt a positive approach and must try to include ourselves into the various sectors by collaborating with those who own and control resources in the country. If we energise our social movement , our inclusion in the various sectors will automatically increase.

